# 'जल जीवन मिशन' (फेज–II एवं III) कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदया/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, रायबरेली की अध्यक्षता में दिनांक– 29.09.2022 को आयोजित समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदया/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति, रायबरेली की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज– II एवं III) के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 विरचन एवं क्रियान्वयन हेतु नामित मे0एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद तथा मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0जे0वी0, नोएडा के कार्यों की समीक्षा की गयी। जिसमें निम्न अधिकारियों/सभी फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1– | श्रीमती माला श्रीवास्तव | – | जिलाधिकारी, रायबरेली। |
| 2– | श्री प्रभाष कुमार | – | मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली। |
| 3– | श्री अरूण कुमार | – | जिला विकास अधिकारी, रायबरेली। |
| 4– | श्री एस रहमान | – | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), रायबरेली। |
| 5– | श्री शैलेन्द्र कुमार | – | सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), रायबरेली। |
| 6– | श्री अनिल मण्डाला | – | परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लि0, रायबरेली। |
| 7– | श्री अशोक कुमार चौधरी | – | परियोजना प्रबन्धक, मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा । |
| 8– | श्री अभिषेक सिंह (प्रतिनिधि) | – | डिजाइन कोर्डिनेटर (डी0पी0एम0यू0) |
| 9– | श्री नितीश कुमार | – | डी0टी0एल0 (टी0पी0आई0) |
| 10– | श्री बसन्त (प्रतिनिधि) | – | आरना फाउण्डेशन लखनऊ। |

11– प्रतिनिधि, समस्त चयनित आई0एस0ए0, जनपद– रायबरेली।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मे0 एन0सी0सी0 लि0, रायबरेली को आवंटित 676 नग राजस्व ग्रामों में से 674 नग राजस्व ग्राम पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गयी है। 676 नग राजस्व ग्राम हेतु 455 नग ग्राम पंचायतों की डी0पी0आर0 विरचित कर डी0डब्लू0एस0एम0 को प्रेषित की जानी थी।



बैठक में निम्न बिन्दुओं पर वार्ता की गयी–

1–<u>डी0पी0आर0 विरचन की स्थिति</u> :–

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 एन0सी0सी0 लि0 को 401 नग ग्राम पंचायत हेतु नई पेयजल योजनाओं हेतु डी0पी0आर0 (फेज–2) तैयार की जानी है तथा 54 नग पुनर्गठन Reorganization योजनाओं की भी डी0पी0आर0 तैयार की जानी है। कुल संख्या 401 + 54 = 455 नग ग्राम पंचायत है।

वर्तमान तक जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को 401 नग ग्राम पंचायत डी0पी0आर0 के सापेक्ष 307 नग ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 उपलब्ध कराये गये हैं जिसमें 219 नग ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। जिसके सापेक्ष 187 ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 (कवर एग्रिमेण्ट सं0– 131/ED/2020-21–I दिनांक– 06.09.2021 मे 24 नग ग्राम पंचायत तथा कवर एग्रिमेण्ट सं0– 132/ED/2020-21–II दिनांक– 06.09.2021 में 27 नग ग्राम पंचायत तथा कवर एग्रिमेण्ट सं0– 133/ED/2020-21–III दिनांक– 06.09.2021 में 27 नग ग्राम पंचायत तथा कवर एग्रिमेण्ट सं0– 134/ED/2020-21–IV दिनांक– 06.09.2021 में 32 नग ग्राम पंचायत तथा कवर एग्रिमेण्ट सं0– 237/ED/2020-21–V दिनांक– 17.01.2022 मे 75 नग ग्राम पंचायत) के डी0पी0आर0 की वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति एस0एल0एस0एस0सी0 से प्राप्त हो चुकी है तथा 02 नग ग्राम पंचायत के डी0पी0आर0 एस0एल0एस0एस0सी0 में विचाराधीन हैं। 29 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सम्मुख अनमोदनार्थ रखे गये जिस पर अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि 29 नग डी0पी0आर0 में 04 नग डी0पी0आर0 सौर ऊर्जा आधारित एवं 25 नग डी0पी0आर0 विद्युत ऊर्जा आधारित विचरित किये गये है। परन्तु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0 एवं कार्यरत फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 के मध्य गठित अनुबंध के पेज संख्या 936 में यह वर्णित है कि भूमि उपलब्धता होने पर सौर ऊर्जा आधारित प्राक्कलन को वरीयता दी जाए। अतः उपयुर्क्त विद्युत उर्जा आधारित प्राक्कलन में संशोधित कर पुनः प्रस्तुत किया जाना उचित है। अतः 04 नग डी0पी0आर0 जो कि सोलर आधारित है जिसकी जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा अवशेष 25 नग डी0पी0आर0 संशोधित कर पुनः प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा दिए गए। 29 नग डी0पी0आर0 मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा जल निगम को प्रस्तुत किये गये थे जो कि मानक अनुरूप नहीं थे, उनको संशोधित कर पुनः प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये। 30 नग डी0पी0आर0 अधीक्षण अभियन्ता तथा मुख्य अभियन्ता को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये गए है।

**अतः 04 नग डी0पी0आर0 (सोलर आधारित) जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से स्वीकृत :–**

| क्र0सं0 | विकास खण्ड का नाम | योजना का नाम | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|
| 1– | डीह | कचनावां | 371.99 |
| 2– | सलोन | दर्शावां | 367.10 |
| 3– | सरेनी | काजीखेडा | 371.08 |
| 4– | हरचन्दपुर | रहवां | 477.46 |

401 ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 में से अवशेष 94 नग डी0पी0आर0 के लिए परियोजना प्रबन्धक मे0 एन0सी0सी0 ने अवगत कराया कि 42 नग डी0पी0आर0 विरचित कर 05 अक्टूबर 2022 तक प्रस्तुत करेंगें तथा शेष 52 नग डी0पी0आर0 एस0डब्लू0एस0एम0 कि राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (एस0एल0एस0एस0सी0) द्वारा निर्धारित प्रति व्यक्ति लागत रू0–6000/– के मानक को पूरा नहीं करने के कारण तकनीकी अर्हता को पूर्ण नहीं कर रहे हैं। अधिशासी अभियन्ता द्वारा फर्म को अवगत कराया गया है कि राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (एस0एल0एस0एस0सी0) पद्रहवी बैठक दिनांक 07.07.2022 के एन्जेण्डा बिन्दु संख्या 01 के 4.03 के अनुसार योजना के प्रति व्यक्ति लागत अब रू0– 7000/– तक ले सकते हैं।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा मे0विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0जे0वी0, नोएडा से पूछा गया कि वर्तमान तक कितने डी0पी0आर0 विरचन का कार्य पूर्ण हो चुका है। परियोजना प्रबंधक, मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0– गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा द्वारा अवगत कराया गया कि 58 नग डी0पी0आर0 विरचन का कार्य पूर्ण हो चुका है जिसे 01 अक्टूबर 2022 तक डी0डब्लू0एस0एम0 को प्रस्तुत कर देंगे।

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा उक्त दोनो फर्मो को निर्देशित किया गया कि समस्त डी0पी0आर0 विरचन का कार्य शासकीय गाइडलाइन के अनुसार 15 अक्टूबर 2022 तक पूर्ण कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में फर्मे स्वयं उत्तरदायी होंगें।

**(कार्यवाही मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद/मे0विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0जे0वी0, नोएडा/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) )**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) रायबरेली द्वारा अवगत कराया गया कि प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण) लखनऊ के पत्रांक 393/011–जल जीवन मिशन–22 दिनांक 06.07.2022 द्वारा जनपद रायबरेली में 384 नग राजस्व ग्राम में

पुर्नगठन के प्राक्कलन विरचन हेतु खण्ड कार्यालय को निर्देशित किया गया है। तत्कम में वर्तमान तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर प्राक्कलन एव विरचन का कार्य प्रगति पर है। 02 नग डी0पी0आर0 जिसमे 19 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं के प्राकलन खण्ड कार्यालय मे जांच हेतु प्रस्तुत हैं।

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त डी0पी0आर0 विरचन का कार्य शासकीय गाइडलाइन के अनुसार 15 अक्टूबर 2022 तक पूर्ण कर डी0डब्लू0एस0एम0 को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे, अन्यथा की स्थिति में स्वय की स्थिति मे उत्तरदायी होंगे।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) )**

**2–<u>भूमि उपलब्धता</u> :–**

फर्म मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा बताया गया कि 401 ग्राम पंचायतो में से 400 ग्राम पंचायतो में पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा दिया गया है। शेष 01 नग ग्राम पंचायत हेतु प्रस्ताव प्राप्त होना शेष है।

उक्त के कम में डी0पी0एम0यू0 के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 01 नग ग्राम पंचायत जिसमें प्रस्ताव होना शेष है, उक्त ग्राम पंचायत बेहीखोर विकास खण्ड दीनशाह गौरा तह0 डलमऊ के अन्तर्गत आता है, जिसके लिए राजस्व लेखपाल से वार्ता की गयी तथा उनके द्वारा प्रस्ताव देने हेतु समय चाहा गया। इस पर जिला पेयजल एव स्वच्छता समिति द्वारा डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि तत्काल अनुश्रवण करते हुए उक्त ग्राम पंचायत बेहीखोर में भूमि का नियमानुसार प्रस्ताव कराना सुनिश्चित करें।

परियोजना प्रबंधक मे0एन0सी0सी0लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में एस0एल0एस0एस0सी0 द्वारा स्वीकृत 187 नग डी0पी0आर0 में से 17 ग्राम पंचायतो में भूमि विवाद है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि 17 में से 02 भूमि पर भूमि विवाद का निस्तारण किया जा चुका है तथा शेष 15 विवादित भूमि स्थल पर डी0पी0एम0यू0 को निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदया द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित दिया गया कि उक्त 15 विवादित भूमि स्थल हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को पत्राचार कर विवादित भूमि स्थल का तत्काल निस्तारण कराए।

परियोजना प्रबंधक मे0विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0जे0वी0, नोएडा द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक 232 ग्राम पंचायतो में से 62 ग्राम पंचायतो में भूमि का प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है तथा शेष ग्राम पंचायतो में भूमि हेतु कार्य प्रगति पर है तथा एक सप्ताह में शेष ग्राम पंचायत में प्रस्ताव प्राप्त कर लिया जायेगा। साथ यह भी अवगत कराया कि 02 तहसील कमशः डलमऊ एवं सदर में आवंटित पेयजल योजनाओ के निर्माण हेतु भूमि चिन्हाकंन की प्रगति अत्यन्त धीमी है। **सम्बन्धित उपजिलाधिकारी महोदय को इस वार्ता में व्यक्तिगत रूचि लेने हेतु निर्देश दिये जाने की अपेक्षा की गयी।**

**(कार्यवाही सम्बन्धित उपजिलाधिकारी / मे0 एन0सी0सी0 लि0हैदराबाद/मे0विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0जे0वी0, नोएडा/जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 आरवी एसोसिएट्स रायबरेली/ अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण))**

**3. <u>कार्य की प्रगति समीक्षा</u> :–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि 185 नग डी0पी0आर0 एस0एल0एस0एस0सी0 से स्वीकृत हैं, जिसमें **110 नग** योजनाओं का 04 नग कवर एग्रिमेण्ट गठित किया गया है। जिसकी कार्य प्रारम्भ तिथि 06.09.2021 एवं कार्य समाप्ति तिथि 05.03.2023 है तथा 75 नग योजनाओ के सापेक्ष 01 नग कवर एग्रिमेण्ट गठित किया गया जिसकी कार्य प्रारम्भ तिथि 17.01.2022 तथा कार्य समाप्ति तिथि 16.07.2023 है। 185 नग योजनाओ के सापेक्ष 158 नग पेयजल परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है। 27 नग पेयजल परियोजनायें अनारम्भ हैं। 185 नग पेयजल योजनाओं की भौतिक प्रगति निम्नवत है–

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | प्रस्तावित कार्य | भौतिक प्रगति | भौतिक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1– | नलकूप | 185 नग | नलकूप बोरिंग पूर्ण – 158<br>कम्प्रेशर – 112<br>ओ0पी0 यूनिट – 96 | नलकूप बोरिंग पूर्ण – 85.41%<br>कम्प्रेशर – 59.89%<br>ओ0पी0 यूनिट – 51.34% |
| 2– | पम्प हाउस | 185 नग | 42 नग पम्प हाउस कार्य प्रगति पर | 22.70% |
| 3– | शिरोपरि जलाशय | 185 नग | 16 नग शिरोपरि जलाशय कार्य प्रगति पर | 8.65% |
| 4– | बाउण्ड्रीवॉल | 185 नग | 51 नग बाउण्ड्रीवॉल कार्य प्रगति पर | 27.57% |
| 5– | वितरण प्रणाली | 1199.95 कि.मी. | 613.06 कि.मी. कार्य प्रगति पर | 25.81% |
| 6– | हाउस कनेक्शन (FHTC) | 114600 नग | नग कार्य प्रगति पर | 14.92% |

उपरोक्त प्रगति के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदया द्वारा वर्तमान प्रगति पर रोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद के परियोजना प्रबन्धक को प्रत्येक योजना को ससयम पूर्ण करने हेतु आवश्यक मैनपावर व मशीनरी की आवश्यकता एवं उपलब्धता सुनिश्चित कराने व विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत करने एवं अनारम्भ योजनाओं पर कार्य त्वरित प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये। लक्षित 114600 नग एफ0एच0टी0सी0 के सापेक्ष 17104 नग एफ0एच0टी0सी0 पूर्ण कर लिया गया। जिस पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा प्रतिदिन न्यूनतम 1000 एफ0एच0टी0सी0 पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**(कार्यवाही मे0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद /अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) )**

**4. डी0पी0एम0यू0 :–**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला कार्यक्रम निगरानी इकाई (डी0पी0एम0यू0) के रूप में कार्यरत फर्म मे0 आरवी एसोसिएट्स, हैदराबाद द्वारा 09 स्टाफ की टीम नियुक्त की गयी है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा प्रभारी जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि टीम बनाकर रेट्रोफिटिंग योजनाओ में से जिन योजनाओ में एफ0एच0टी0सी0 कार्य शेष है उन योजनाओ पर शत–प्रतिशत् संतृप्तिकरण कराना सुनिश्चित करे तथा हर घर जल प्रमाण–पत्र पोर्टल पर यथावश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करे।

मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0जे0वी0, नोएडा को आवंटित पेयजल योजनाओ के निर्माण हेतु भूमि चिन्हाकंन सम्बन्धित धीमी प्रगति के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स सम्बधित उपजिलाधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार भूमि चिन्हाकंन कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

**( जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 रायबरेली/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) )**

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुयी।

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,**
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
रायबरेली।

**मुख्य विकास अधिकारी,**
रायबरेली।

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष,**
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
रायबरेली।

# कार्यालय जिलाधिकारी, रायबरेली।

पत्रांक : / / दिनांक :

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, प्रथम तल, मल्टीपर्पज हाल, किसान बाजार, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
6. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, रायबरेली।
7. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
8. जिला विकास अधिकारी, रायबरेली।
9. मे0 सिन्सेस टेक लि0, रायबरेली (टी0पी0आई0ए0)/मे0 आरवी एसोसिएट्स लि0, रायबरेली (डी0पी0एम0यू0)/समस्त आई0एस0ए0, जनपद– रायबरेली।
10. परियोजना प्रबन्धक, मे0 एन0सी0सी0 लि0, भरतपुरम्, रूद्रा काम्पलेक्स के पीछे, अमावां रोड, रतापुर, रायबरेली।

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष,**
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
रायबरेली।